**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

**कार्यालय आदेश**

का0आ सं0– मु0अ0–4 (मु0) विविध (कार्य)–06–135/2023 07     पटना/दिनांक– 11/07/25

ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही सभी प्रकार की योजनाओं (MMGSUY-RRSMP, MMGSY, MGSY, PMGSY, State Scheme (NABARD), MR-3054 एवं GTSNY) की प्रगति की अव्यवार गहन समीक्षा किया जाना है। इस संदर्भ में अंचलवार समीक्षा करने हेतु निम्नांकित पदाधिकारियों को प्राधिकृत किया जाता हैः–

| क्र0 सं0 | पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | समीक्षा हेतु आवंटित कार्य अंचल |
|---|---|---|
| 1. | श्री उज्ज्वल कुमार सिंह, भा0प्र0से0, विशेष सचिव | भागलपुर, मुंगेर, पूर्णियाँ, किशनगंज, सासाराम |
| 2. | श्री मनोज कुमार, I.O.F.S, विशेष सचिव | समस्तीपुर, बेगुसराय, आरा, मधेपुरा, सहरसा |
| 3. | श्री संजय कुमार, भा0प्र0से0, संयुक्त सचिव | गया, औरंगाबाद, नालंदा, मोतीहारी, बेतिया, छपरा |
| 4. | श्री अभय झा, भा0प्र0से0, संयुक्त सचिव | पटना, दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, सिवान |

2. **सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग** भी स्वविवेक से स्थलीय निरीक्षण करते हुए अंचलवार/प्रक्षेत्रवार समीक्षा करेंगे।

3. उक्त पदाधिकारी संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता से विमर्शोपरान्त तिथि निर्धारित कर प्रत्येक सप्ताह में 2 दिन आवंटित कार्य अंचल में स्थल निरीक्षण के साथ–साथ समीक्षात्मक बैठक करना सुनिश्चित करेंगे।

4. उक्त आयोजित समीक्षात्मक बैठक में संबंधित मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता तथा संबंधित राजस्व पदाधिकारी बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। कार्यो की प्रगति की समीक्षा एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रहे अड़चनों के निवारण हेतु संबंधित संवेदकों से भी विमर्श किया जायेगा।

5. संबंधित पदाधिकारी आवंटित कार्य अंचल में ही समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण का कार्य करेंगे।

6. बैठक की सूचना एक सप्ताह पूर्व दिया जाना सुनिश्चित करेंगे।

7. वरीय पदाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान BRRMS App के माध्यम से प्रगति अद्यतन करेंगे। /BRRMS App का User Id & Password सुनीति स्नेहा, सहायक अभियंता जिनका मोबाईल नं0–6201400471 से प्राप्त कर लेंगे।

8. बैठक के पश्चात् उसकी कार्यवाही तैयार करेंगे एवं अवलोकन हेतु मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

9. बैठक के दौरान संबंधित प्रक्षेत्र के मुख्य अभियंता के द्वारा सभी कार्य अंचलों के अन्तर्गत चल रही योजनाओं की समीक्षा से संबंधित अधिकतम 10 स्लाईड में प्रस्तुतीकरण तैयार करेंगे।

**प्रस्तुतीकरण** निम्नांकित बिन्दुओं पर तैयार किया जायेगाः–

(i) योजनावार (ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम/मुख्यमंत्री सेतू योजना/मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना/प्रधानमंत्री सड़क योजना/सुलभ संपर्कता एवं MR(3054) के तहत लंबित Ongoing) की समीक्षा भौतिक एवं वित्तिय प्रगति (MIS के आधार पर) की स्थिति।

(ii) भौतिक एवं वित्तीय प्रगति कम रहने के क्रम में कमियों को दूर करने हेतु की गई कार्रवाई कि स्थिति।

(iii) विभाग द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में विभिन्न अभियंताओं द्वारा BRRMS APP पर की गई निरीक्षण की स्थिति एवं U & SRI Grading के संबंध में की गई अग्रेतर कार्रवाई अद्यतन स्थिति।

(iv) संवेदक को नियमानुसार भुगतान की स्थिति।

(v) जिन प्रयोगशालाओं में EQUIPMENT उपलब्ध हो एवं पदाधिकारी/कर्मियों का पदस्थापन किया गया हो, उन प्रयोगशालाओं द्वारा की गयी जाँच की स्थिति।

(vi) कार्य प्रमंडलों मे सड़कों/पुलों के निर्माण मे जमीनी विवाद/Forest Issue के समाधान कि स्थिति।

(vii) संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं योजनावार अंतिम विपत्र की अधतन स्थिति।

(viii) कार्यालयों में पदस्थापित अभियंताओं/पदाधिकारियों/कर्मियों के वेतन एवं अन्य समस्याओं के संबंध में समीक्षा।

10. पदाधिकारियों का आवश्यकतानुसार अन्य कार्यसूची (Agenda) बैठक में समीक्षा हेतु शामिल किया जा सकता है।

11. प्रत्येक सप्ताह वरीय पदाधिकारी द्वारा की गयी समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण से संबंधित प्रतिवेदन का विमर्श अगले सप्ताह की बैठक में अपर मुख्य सचिव/सचिव द्वारा की जायेगी। इसमें विभागीय योजनाओं को गुणवत्ता पूर्वक ससमय पर क्रियान्वित करने हेतु सुझाव प्राप्त किया जायेगा।

(हस्ताक्षर) 11/7/2025

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

**ज्ञापांकः**— मु0अ0—4 (मु0) विविध (कार्य)—06—135/2023 2595 /पटना, दिनांकः— 11/7/25

**प्रतिलिपिः**— सचिव/सभी विशेष सचिव/सभी संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

11/7/2025

अपर मुख्य सचिव

**ज्ञापांकः**— मु0अ0—4 (मु0) विविध (कार्य)—06—135/2023 2595 /पटना, दिनांकः—11/7/25

**प्रतिलिपिः**—अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख/सभी संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

11/7/2025

अपर मुख्य सचिव

**ज्ञापांकः**— मु0अ0—4 (मु0) विविध (कार्य)—06—135/2023 2595 /पटना, दिनांकः—11/7/25

**प्रतिलिपिः**—अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ब्राडा को संबंधित राजस्व पदाधिकारी को निदेशित किए जाने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/7/2025

अपर मुख्य सचिव

**ज्ञापांकः**— मु0अ0—4 (मु0) विविध (कार्य)—06—135/2023 2595 /पटना, दिनांकः—11/7/25

**प्रतिलिपिः**— माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को माननीय मंत्री महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।

11/7/2025

अपर मुख्य सचिव

**ज्ञापांकः**— मु0अ0—4 (मु0) विविध (कार्य)—06—135/2023 2595 /पटना, दिनांकः—11/7/25

**प्रतिलिपिः**— आई0टी0 प्रबंधक, ग्रामीण कार्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

11/7/2025

अपर मुख्य सचिव